# बजरंगी हनुमान बिगड़े काम सँवारे | By Mukesh Bagda |

बजरंगी हनुमान बिगड़े काम सँवारे
वो तो मौज करे जो आया इनके द्वारे

करते कमाल ये तो सबने ही जाना है
संकट मोचन जिनको दुनिया ने माना है
लगे श्री राम को भी ये ही सबसे प्यारे
बजरंगी हनुमान बिगड़े काम सँवारे

नाम की महिमा भी इनकी बड़ी भरी है
सुनते ही दूर भागे बलए जो सारी है
मुसीबत आये कभी बस मन से इन्हे पुकारे
बजरंगी हनुमान बिगड़े काम सँवारे

करदिया जो वीर बलि ने कोई कर ना पाया है
लाखो करिश्मे इनके कोई न भुलाया है
पापी बड़े बड़े पल में कई संहारे
पापी बड़े बड़े पल में कई संहारे
बजरंगी हनुमान बिगड़े काम सँवारे

अब तो समझो भैया ये ही सहारे है
तृष्णा से झूठे सारे ये ही हमारे है
शरण में तूभी आ पन्ना क्या खड़ा विचारे
बजरंगी हनुमान बिगड़े काम सँवारे

वो तो मौज करे जो आया इनके द्वारे
बजरंगी हनुमान बिगड़े काम सँवारे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%9c%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%97%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%ae/